# मौका-फर्द

आज दिनांक 15-7-17 को श्रीमान् न्यायालय सहायक कलक्टर वं उपखण्ड अधिकारी चौहटन के राजस्व अपील संख्या 228/17 अवदान लक्ष्मण वगैरा बनाम तुलछाराम वगैरा में मौजा आलु का तला में लक्ष्मण वगैरा के खातेदारी खसरा नम्बर 65 रकबा 49.05 बीघा में जाने हेतू धारा 251 ए के तहत् हमराह पटवारी हल्का चिपड़ासर वादी व अन्य मौतबिरान के साथ मौके पर पहुँचा।

ग्राम जाखड़ों की ढाणी से प्रार्थीगण के खातेदारी में पहुँचने हेतू तुलछाराम पुत्र आदुराम, मानीदेवी पत्नी तुलछाराम के खातेदारी ख० नं० 64 रकबा 49.05 गै.मु. धोरा में से पहुँचने हेतू निकटतम रास्ता है इससे नजदीक अन्य कोई रास्ता नहीं है। प्रार्थीगण प्रतिफल के रूप में प्राप्त होने वाली राशि जमा कराने हेतू सहमति प्रकट की है। मौका देखने पर दिये जाने वाले रास्ते के स्थान पर कोई ढाणी-बाड़ा, टांका व अन्य कोई कीमती पेड़ मौजूद नहीं है। ~~आ०~~ कुल लम्बाई के 1/4 हि० के भूमि में अनार की फसल बोई गयी है। अन्य भूमि खाली है। प्रस्तावित रास्ते का विवरण निम्न प्रकार है -

प्रपत्र

| क्र० सं. | नाम खातेदार मय वल्दियत | खसरा नं. | खसरे का रकबा | रास्ते की चौड़ाई | रास्ते में समाविष्ट रकबा | डी.एल.सी. दर प्रति हैक्टेयर | रास्ते में समाविष्ट भूमि की कीमत | भूमि की किस्म |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | तुलछाराम वल्द आदुराम मानीदेवी पत्नी तुलछाराम कौम जाट सा. बामड़लाडेर | 64 | 49.05 | 20 | 1.03 | 35500 | 40825 | गै. मु. धोरा |

प्रस्तावित भूमि ~~खाथा~~ मौजा के ख० नं० 223 की रास्ते हेतू समर्पित भूमि से जुड़कर प्रार्थीगण को रास्ता उपलब्ध कराया जायगा जिससे संलग्न नक्शे में लाल रंग से दर्शाया गया है। मौका फर्द पढ़कर सुनाई गयी। जिससे सही होना स्वीकार कर हस्ताक्षर व अंगुठे कराये गये।

Excount

उपखण्ड अधिकारी चौहटन

पटवारी मण्डल चिपड़ासर

तहसीलदार (भू.अ.) सेड़वा

परसाराम

